*This question paper contains 4 printed pages.* **Your Roll No. ....... ............**

| | |
|---|---|
| *Sl. No. of Ques. Paper* | **: 5125** |
| *Unique Paper Code* | **: 205140** |
| *Name of Paper* | **: Hindi (B)** |
| *Name of Course* | **: B.A. (Prog.)** |
| *Semester* | **: I** |
| *Duration* | **: 3 hours** |
| *Maximum Marks* | **: 75** |

**G**

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)*

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 9+9=18

(क) 'परन्तु बहादुर बहुत ही हँसमुख और मेहनती निकला। उसकी वजह से कुछ दिनों तक हमारे घर में वैसा ही उत्साहपूर्ण वातावरण छाया रहा, जैसा कि प्रथम बार तोता-मैना या पिल्ला पालने पर होता है। सबेरे-सबेरे ही मोहल्ले के छोटे-छोटे लड़के घर के अंदर आकर खड़े हो जाते और उसको देखकर हँसते या तरह-तरह के प्रश्न करते। 'ऐ, तुम लोग छिपकली को क्या कहते हो?' 'ऐ, तुमने शेर देखा है?' ऐसी ही बातें। उससे पहाड़ी गाने की फरमाइशें की जातीं। घर के लोग भी उससे इसी प्रकार की छेड़खानियाँ करते थे। वह जितना उत्तर देता था उससे अधिक हँसता था। सबको उसके खाने और नाश्ते की बड़ी फिक्र रहती।

(i) बहादुर के आने से लेखक के घर का वातावरण कैसा हो गया?

(ii) बहादुर का स्वभाव कैसा था?

(iii) निम्नलिखित शब्दों का **एक-एक** पर्यायवाची लिखिए:

मेहनती

उत्साह

फिक्र।

(ख) आखिरकार ईश्वर क्या है और पुनर्जन्म क्या है? अपने अस्तित्व की एक विराट परिधि का आविष्कार करना ईश्वर है। मृत्यु के बाद जीवन का भी तात्पर्य वही है। मृत्युपर्यन्त कालावधि जीवन की सीमा नहीं है। जीवन सिर्फ गति नहीं है। उसकी गहराई भी है। जीवन को नदी मानें तो प्रवाह उसका एक आयाम है। जिसको नदी के अतल गहराई कहते हैं उसी तरह समय पर भी एक आयाम बनता है। उस आयाम के द्वारा जीवन को जानो, मृत्युपर्यन्त कालावधि के द्वारा जीवन को सीमाबद्ध मत करो— शायद पुनर्जन्म जीवन की अनन्तता की इस चेतना को पुष्ट करता था। तर्क में लाने के बाद पुनर्जन्म निश्चय ही एक अंधविश्वास हो जाता है।

(i) उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं? इसके लेखक का नाम लिखिए।

(ii) लेखक ने जीवन की उपमा किससे दी है?

(iii) विलोम शब्द लिखिए:

जीवन

निश्चय

तर्क।

(ग) किसी भी अनौचित्यपूर्ण काम को करने से सदाचारी हृदय के भाव शांत नहीं रह सकते। उस कार्य के समाप्त होने के अनन्तर उस हृदय में आंदोलन होता है, दु:ख होता है, अशान्ति उत्पन्न होती है, अनुताप अथवा पश्चात्ताप होता है। मनोवैज्ञानिकों की दृष्टि में अनुताप कुछ भी हो, किन्तु हमारे लिए तो अनुताप वह वस्तु है, जो मानव हृदय को उत्तरोत्तर उन्नत करती चली जाती है। स्वीकृति और अनुताप–– ये दो वस्तुएं ऐसी हैं जो हृदय को बल देती हैं। यदि हमसे कोई भूल हो जाए और उस भूल को हम स्वीकार कर लें, यदि हमसे कोई अपराध हो जाए और हम उसे मान लें, यदि हमारे हृदय में धड़कन उत्पन्न न हो कि हमारे दोष स्वीकार कर लेने से हम लोगों की दृष्टि में गिर जाएंगे, तो उस दिन हम समझेंगे कि आज हमारी विजय का दिवस है। दोषों के स्वीकार कर लेने से हम अपने आत्मबल का परिचय देते हैं।

(i) अनौचित्यपूर्ण कार्य करने के बाद हृदय में किस तरह के भाव उत्पन्न होते हैं?

(ii) लेखक के अनुसार अनुताप क्या है?

(iii) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए:

सदाचारी

अनुताप

विजय।

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3×4=12

(i) शिवशम्भू के चिट्ठे के माध्यम से लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है?
(शिवशम्भू के चिट्ठे और खत : बनाम लार्ड कर्जन)

(ii) शहीद बिस्मिल कौन थे? उनकी अन्तिम इच्छा क्या थी?
(राम प्रसाद बिस्मिल का अंतिम संदेश)

(iii) कुटज को लेखक ने भीष्म पितामह क्यों कहा है? (कुटज)

(iv) शुभकामना का क्या अर्थ है? शुभकामना किन अवसरों पर दी जाती है?
(शुभकामना : एक जीवन तत्त्व)

(v) मनुष्यता के उत्थान की पहचान क्या हो सकती है? (फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5×2=10

(i) नाम के आधार पर 'परख' सार्थक उपन्यास है। स्पष्ट कीजिए।

(ii) सत्यधन ने वकालत न करने का निर्णय क्यों लिया?

(iii) कट्टो के नाम का क्या अर्थ है? यह नामकरण किसने किया?

(iv) लेखक ने स्त्री को धर्म, सभ्यता और फैशन से क्यों जोड़ा है ?

(v) भगवद्दयाल बाबू सत्यधन के आदर्शों को खोखला क्यों मानते थे ?

(vi) गरिमा और कट्टो के व्यक्तित्व में क्या अंतर था ?

(vii) गरिमा का स्वभाव कैसा था ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(i) झा साहब अपने विद्यार्थियों से कैसा व्यवहार चाहते थे ?
(जीवन-निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(ii) पुरुषोत्तम मंगेश लाड की **दो** चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।
(अफसर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाड)

(iii) किन प्रयोगों के आधार पर पन्नालाल घोष ने बांसुरी को एक नई शैली प्रदान की ?
(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(iv) लक्ष्मी नारायण माथुर के चरित्र की दो विशेषताएं लिखिए।
(मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

(v) सच्चिदानन्द सिन्हा का व्यक्तित्व कैसा था ?
(एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानन्द सिन्हा)

(vi) पियर्स का भारत आने का क्या उद्देश्य था ?
(आस्थावान अंग्रेजी शिक्षक : एफ० जी० पियर्स)

(vii) श्रीराम बाजपेयी की बॉय स्काउटिंग एसोसिएशन किस प्रकार के कार्यों में सक्रिय थी ?
(किशोर जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : श्रीराम बाजपेयी)

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए: 4

(i) मीडिया का बदलता परिदृश्य

(ii) वर्तमान शिक्षा पद्धति और रोजगार

(iii) समाज में बढ़ते अपराध।

5. नीचे दिए गए अवतरण का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए: 4

गाँवों में विवाहित स्त्रियों की स्थिति किशोरियों और अविवाहित युवतियों से कहीं अधिक चिंताजनक है। इनमें से अस्सी-पचासी प्रतिशत स्त्रियाँ सुबह के लगभग चार बजे से लेकर रात के बारह बजे तक कोल्हू के बैल की तरह काम में जुटी रहती हैं। घर के सामान्य कामों के अलावा उन्हें पलंग में लकड़ी डालने और गाय-भैंस के चारा-पानी की व्यवस्था भी करनी पड़ती है। फिर भी ये महिलाएँ अपने पति और ससुराल वालों की प्रताड़नाओं का शिकार होती हैं।

6. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए: 8

(i) पर्यावरण और प्रदूषण

(ii) बाल मजदूरी

(iiii) महिला सशक्तीकरण।

7. किसी **एक** घटना या परिस्थिति का चित्रण कीजिए: 7

(i) नेपाल में आए भूकम्प की भयावह स्थिति

(ii) दिल्ली विश्वविद्यालय : दाखिले के लिए संघर्ष।

8. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार रूपांतरण कीजिए: 6

(i) मोहन बाजार जाता है। (कर्मवाच्य)

(ii) जो दूसरे की मदद करता है, ईश्वर उसकी मदद करता है। (साधारण वाक्य)

(iii) सड़क पर जा रहा व्यक्ति बेहोश हो गया। (मिश्र वाक्य)

(iv) लड़कियाँ सिनेमा जायेंगी। (भाव वाच्य)

(v) काले कुर्ते वाला व्यक्ति चला गया। (मिश्र वाक्य)

(vi) नौकरी करने के बाद भी स्त्रियाँ पुरुषों पर निर्भर हैं। (संयुक्त वाक्य)

9. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए: 3

आर्शीवाद

कोशाध्यक्ष

ग्रहिणी।

10. निम्नलिखित संक्षिप्तियों के पूर्ण रूप लिखिए: 3

वि० हि० प०

बी० एच० यू०

एन० एस० एस०।